न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर बरेली ।

वाद सं0 85 /2009

अन्तर्गत धारा 143 उ0प्र0ज0वि0अधि0
अराजी ग्राम मकरन्द पुर पीतमराय
परगना व तहसील बरेली

श्रीमती गीता देवी — बनाम — सरकार

निर्णय दिनांक 29/9/09

श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री हरिशंकर गंगवार अध्यक्षा सरदार बल्लभ भाई पटेल कालेज कालेज भोजीपुरा बरेली द्वारा एक प्रार्थना पत्र धारा 143 उ0प्र0ज0वि0अधि0के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया । जिसकी जांच तहसीलदार सदर बरेली से कराई गयी । तहसीलदार सदर बरेली की आख्यानुसार ग्राम मकरन्द पुर पीतम राय परगना व तहसील बरेली के गाटा सं0 289 रकबा 1.349 हे0 पर श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री हरि शंकर गंगवार निवासी 33 तुलसी नगर बरेली का नाम दर्ज है प्रश्नगत आराजी में से 1.012 हे0 पर सरदार बल्लभ भाई पटेल कालेज हेतु प्रस्तावित है जो खाली पड़ा है खेती नही हो रही है तालाब ,पोखर के रूप में नहीं है कोई वाद विचाराधीन नहीं है । तदानुसार प्रश्नगत भूमि को अकृषक घोषित किये जाने की संस्तुति की गयी है ।

वाद दर्ज रजिस्टर किया गया । मेरे द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया गया । ग्राम मकरन्द पुर पीतमराय के गाटा सं0 289 रकबा 1.349 हे0 भूमि में से 1.012 हे0 भूमि को तहसीलदार सदर की आख्या एवं उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने पर अकृषक घोषित किया जाना न्यायोचित है ।

आदेश

अतः तहसीलदार सदर बरेली की आख्या से सहमत होते हुए ग्राम मकरन्द पुर पीतमराय परगना व तहसील बरेली के गाटा सं0 289 रकबा 1.349 हे0 में से 1.012हे0 भूमि को अकृषक घोषित किया जाता है । आदेश की एक प्रति सब रजिस्ट्रार बरेली को भेजी जाये । पत्रावली बाद अमलदरामद दाखिल दफ्तर की जाये ।

29/9/09
(अनिल कुमार)
उप जिलाधिकारी सदर
बरेली

निर्णय खुले न्यायालय में हस्ताक्षरित/दिनांकित कर उदघोषित किया गया ।

29/9/09
अनिल कुमार
उप जिलाधिकारी सदर
बरेली ।

सत्य प्रति प्रमाणित
3/10/09
कार्यालय उप जिलाधिकारी

1-वादी का नाम हरिशंकर गंगवार
2-रजिस्टर सं0 354
3-... 3/10/09
4-... 3/10/09
5-... 3/10/09
6-शुल्क 13/-
7-प्रतिलिपि देने वाले के हस्ताक्षर
8-मिलान कर्ता के ह0
9-...

SECRETARY
SARDAR BALLABH BHAI PATEL DEGREE COLLEGE
BHOJIPURA, BAREILLY

COURT FEE 10 Rs.
COURT FEE 2 Rs.
COURT FEE 1 Rs. INDIA एक रुपया ONE RUPEE